कितना प्यारा तुझे सांवरे सजाया,
जी करे देखता रहूँ,
माथे चन्दन और तिलक,
कानो में कुंडल साजे,
सजकर मेरा सावरिया,
बड़ा प्यारा प्यारा लागे,
कितना प्यारा तुझे साँवरे सजाया,
जी करे देखता रहूँ ।।

तर्ज कितना प्यारा तुझे।

फूलों से सज धज के,
बैठे है सरकार,
खुशबू से महक उठा,
ये सारा दरबार,
मोर मुकुट सर पे है,
सबके मन भाए,
देखो कही बाबा को,
नज़र ना लग जाए,
जो भी देखे वो खो जाए,
पल में तेरा वो हो जाए,
दर्शन तेरे करके सबके,
सोए भाग्य है जागे,
सजकर मेरा सावरिया,
बड़ा प्यारा प्यारा लागे,
कितना प्यारा तुझे साँवरे सजाया,

जी करे देखता रहूँ ।।

केसरिया बागा भी,
तन पर है साजे,
सोने की बाँसुरिया,
होंठों पे लागे,
नैनो का काजल भी,
सबको भरमाए,
देख तुझे सांवरिया,
चाँद भी शरमाए,
जो भी खाली दर पे आए,
झोली भर के ये लौटाए,
On Bhajan Diary,
बड़ा दयालु सेठ है ये तो,
देता है बिन मांगे,
सजकर मेरा सावरिया,
बड़ा प्यारा प्यारा लागे,
कितना प्यारा तुझे साँवरे सजाया,
जी करे देखता रहूँ ।।

मोरछड़ी हाथों में,
जब जब लहराए,
बिगड़ी जो किस्मत वो,
पल में बन जाए,
आशु के संकट में,
काम यही आए,
जब जब भी याद करूँ,
लिले चढ़ आए,

इसकी महिमा जग में न्यारी,
मेरा बाबा लखदातारी,
अपनी छाया में ही रखना,
जब तक प्राण ना त्यागे,
सजकर मेरा सावरिया,
बड़ा प्यारा प्यारा लागे,
कितना प्यारा तुझे साँवरे सजाया,
जी करे देखता रहूँ।।

कितना प्यारा तुझे सांवरे सजाया,
जी करे देखता रहूँ,
माथे चन्दन और तिलक,
कानो में कुंडल साजे,
सजकर मेरा सावरिया,
बड़ा प्यारा प्यारा लागे,
कितना प्यारा तुझे साँवरे सजाया,
जी करे देखता रहूँ।।

Singer & Lyrics Ashu Samana

Source:
https://www.bharattemples.com/kitna-pyara-tujhe-sanware-sajaya-ji-kare-dekhta-rahun/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw